आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति ने दी ईद उल जुहा की देशवासियों को बधाई ।
- प्रधानमंत्री ने कहा – देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी।
- नीट–पीजी की परीक्षा तीन अगस्त को एक पाली में होगी।
- शिक्षा विभाग करेगा तरंग कार्यक्रम का आयोजन।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद उल जुहा के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति मुर्मू ने इस त्योहार को त्याग, आस्था और मानवीय मूल्यों का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी से बेहतर समाज के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी ईद उल जुहा के अवसर पर लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कामना की कि यह मुबारक दिन लोगों के जीवन में खुशी, समृद्धि और सकारात्मक प्रभाव लेकर आए।

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने ईद–उल–जुहा के अवसर पर द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार निस्वार्थ त्याग और सेवा की भावना को दर्शाता है, सामाजिक संबंध, भाईचारा और शांति का प्रतीक है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे करने के अवसर पर श्री मोदी ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षो में देश का विकास युवाओं के दृढ़ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षो में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है। पिछले ग्यारह वर्षो में युवा सशक्तिकरण पर केन्द्रित नीति और कार्यक्रम में एक निर्णायक परिवर्तन भी हुआ है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया

और राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस जैसी सरकारी पहल इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि युवाओं को सशक्त बनाना सबसे महत्वपूर्ण काम है जो कोई राष्ट्र कर सकता है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि युवा विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की ग्यारह साल की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में डॉलीगंज स्थित होटल सी–पोर्ट में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की विकसित भारत का अमृतकाल और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के ग्यारह साल पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. आशा लकड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम सह प्रभारी शीला सिंह और एम. विनोद तथा रामदास ने संबोधित किया। ज़िला कार्यशाला में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती चेल्लामल एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता सरकार ने किया।

<><><><><><>

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (एस एस ई) पहल के तहत पोस्टर और वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण विकास निदेशालय के पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा किया गया। पोस्टर और वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता सत्रह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित विषयों पर आधारित थी, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिरता के प्रति जागृति का संचार करते हैं। निदेशक अभिषेक गुलिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विजेताओं को उनकी रचनात्मकता, प्रयास और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया। वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता मे पहला पुरस्कार प्रातरापुर ब्लॉक के पी. हेमंत कुमार को मिला, वहीं पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार एस महेश राजा को प्राप्त हुआ। निदेशक गुलिया ने युवाओं के उत्साह और उनकी भूमिका की प्रशंसा की।

<><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा पन्द्रह जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। बोर्ड ने तीन जून को समय बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें कहा गया कि उसे परीक्षा

केंद्रों की संख्या दोगुनी और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने की जरूरत है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट–पीजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

<><><><><><><>

आपदा तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एन डी आर एफ ने अग्निशमन सेवा कर्मियों के लिए सी एस एस आर और एम एफ आर पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया था। यह प्रशिक्षण दो से छः जून तक आयोजित किया गया था। श्री विजयपुरम के सम्मेलन हॉल में कॉलैप्स इस्ट्रक्चर एंड रेस्क्यू–सी एस एस आर और मेडिकल फर्स्ट रेस्पोंडर–एम एफ आर पर हुए गहन परीक्षण में आपातलकालीन अग्निशमन और सेवा विभाग के कर्मियों के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में किसी भी आपदा या आपातकाल के दौरान किस तरह से प्रतिक्रिया देनी है, इस बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कल सम्पन्न हुए समारोह में आई पी एस सन्नी गुप्ता मुख्य अतिथि थे। उन्होंने एन डी आर एफ के प्रयासों की जमकर सराहना की।

<><><><><><><>

स्कूली छात्रों के लिए एकल गायन और नृत्य प्रतियोगिता तरंग का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को उनकी गायन और नृत्य क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता सभी स्कूली छात्र–छात्राओं के लिए खुली है। प्रतियोगिता का तीन समूहों में बांटा गया है–पहली जूनियर, जिसमें कक्षा एक से पांच तक, दूसरी मिडिल, जिसमें कक्षा छः से आठ और तीसरी सीनियर, जिसमें कक्षा नौ से बारह तक के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। तरंग कलात्मक अभिव्यक्ति का उत्सव है। ऑडिशन दस जून को गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल श्री विजयपुरम में होगा। गायन ऑडिशन सुबह आठ से दोपहर बारह बजे तक, जबकि नृत्य ऑडिशन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा। ग्रैंड फिनाले सत्रह जून को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

नौ जून से विम्बर्लीगंज क्षेत्र के स्कूली छात्रों के लिए फुटबॉल, वॉलीबॉल और स्किपिंग में कोचिंग सत्र आयोजित किया जाएगा। कोचिंग का उद्देश्य छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। छात्र अपना पंजीकरण संबंधित कोच के माध्यम से करा सकते हैं।

<><><><><><><>

चुनाभट्टा से नॉर्थ बे और फिर वापस चुनाभट्टा तक की दस किलोमीटर तक की मैराथन दौड़ रन विद नेचर का आयोजन चौदह जून को किया जाएगा। प्रतिभागी तेरह जून तक अपना नाम उप–शिक्षा कार्यालय विम्बर्लीगंज में दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

विश्व महासागर दिवस के अवसर पर कार्बाइंस कोव बीच पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे प्लास्टिक मुक्त महासागर और पर्यावरण बनाने में भाग लें। श्री विजयपुरम नगर परिषद ने सभी नागरिकों को आठ जून को सुबह साढ़े छः बजे कार्बाइंस कोव बीच पर समुद्र तट की सफाई के लिए आमंत्रित किया है। इस वर्ष का विषय प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर केन्द्रित है। श्री विजयपुरम नगर परिषद सभी नागरिकों से एक साथ आने, जिम्मेदारी लेने और पृथ्वी पर सभी जीवन की भलाई के लिए पर्यावरण को साफ, हरा और स्वच्छ रखने में योगदान देने का आग्रह करती है।

<><><><><><><>